**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–27 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्र सरकार ने की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की घोषणा। पहली अक्टूबर से लागू होंगी नई दरें।
- एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान में छब्बीस करोड़ सैंतालीस लाख पौधे रोपकर उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे आगे।
- विश्व पर्यटन दिवस आज। झांसी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैंच आज। बारिश से पड़ सकता है व्यवधान।
- बारिश ने बदला मौसम का मिजाज। उमस भरी गर्मी से मिली राहत। अगले दो दिन तक बना रह सकता है बारिश का सिलसिला।

**********

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन कर न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई वेतन दरें पहली अक्टूबर से लागू हो जाएंगी। संशोधन के बाद अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें सात सौ 83 रुपये, अर्ध–कुशल श्रमिकों के लिए आठ सौ 68 रुपये, और कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन नौ सौ 54 रुपये प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल श्रमिकों के लिए संशोधित वेतन एक हजार 35 रुपये प्रति दिन होगा।

**********

जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान को बड़ी सफलता हासिल हुयी है। इस अभियान में सितम्बर दो हजार चौबीस तक अस्सी करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया था जिसे तीस सितम्बर से पांच दिन पहले ही हासिल कर लिया गया है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा है। पच्चीस करोड़ पच्चीस लाख पौधरोपण के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान में छब्बीस करोड़ सैंतालीस लाख पौधे रोपे गये। प्रदेश की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह कीर्तिमान प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति प्रदेशवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**********

आज विश्व पर्यटन दिवस है। इस मौके पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए झांसी में रहेंगे। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कहा कि सरकार प्रदेश में कृषि और ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। **बाइट–मुकेश मेश्राम....**

**********

ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज तीसरा दिन है। पच्चीस सितम्बर को इस ट्रेड–शो के शुभारम्भ के साथ ही यहां लगे प्रदेश के ओडीओपी और एमएसएमई उत्पादों के स्टॉल आगन्तुकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। कल इस आयोजन के दूसरे दिन अट्ठारह हजार से अधिक खरीदारों और चालीस हजार से अधिक आगन्तुकों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, सुनील कुमार शर्मा और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न सत्रों में प्रतिभाग किया। ट्रेड शो का समापन उन्तीस सितम्बर को होगा।

**********

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये आवेदन की तिथि सात अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इस परीक्षा के माध्यम से सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिये कक्षा छः में प्रवेश लिया जायेगा। इच्छुक छात्र और उनके अभिभावक नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

**********

हरकोट बटलर तकनीक विश्वविद्यालय–एचबीटीयू कानपुर का छठवां दीक्षांत समारोह आज विश्वविद्यालय के नये परिसर में आयोजित होगा। इसमें आठ सौ निन्यानबे छात्रों को उपाधि और अड़तालीस छात्रों को पदक मिलेंगे। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर मणिन्द्र अग्रवाल होंगे।

**********

भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमों के बीच दो मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच आज कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश की टीम को दो सौ अस्सी रनों से करारी शिकस्त देने वाली भारतीय टीम कानपुर टेस्ट मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने की मंशा से मैदान में उतरेगी। मैच सुबह नौ बजे से शुरू होना है लेकिन कल से हो रही बारिश से इसमें व्यवधान भी पड़ सकता है। पेश है हमारे कानपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***पहले मैच में दमदार जीत के साथ आगाज करने वाली टीम इंडिया की नजर अब दूसरे टेस्ट पर है। कानपुर के ग्रीन पार्क में तीन साल बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। ग्राउंड स्टाफ ने एक बेहतरीन पिच तैयार की है। टेस्ट मैच के लिए ग्रीन पार्क स्टेडियम पूरी तरह से तैयार है। रिकॉर्ड 1 करोड़ 15 लाख रुपए की टिकट बिक चुके है। स्टेडियम में दर्शकों की इंट्री सवा आठ बजे से शुरू होगी। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक कानपुर में हल्की से भारी बारिश के आसार है मानसून का असर और बारिश से मैच का रोमांच बिगड़ सकता है। आकाशवाणी समाचार के लिये कानपुर नगर से मैं राजेश श्रीवास्तव।***

**********

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत सत्रह सितम्बर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल से प्रदेश के सभी सात सौ बासठ नगरीय निकायों में एक सौ पचपन घंटे का नॉन–स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की एक सौ पचपनवीं जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। अभियान के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं को जोड़ते हुए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लंबी दौड़, मैराथन और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**********

गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा जागरूकता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों और जिला कार्यक्रम समन्वयकों को इस सम्बन्ध में पत्र जारी किया है।

**********

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई का महिलाओं को ऑनलाइन पाठ पढ़ाने में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश ने गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया है। प्रदेश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने एचसीएल की सहयोगी कम्पनी गुवी के साथ मिलकर चौबीस घंटे में छियालीस हजार से अधिक महिलाओं को एआई का ज्ञान दिया। प्रमुख सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स अनिल सागर के अनुसार साउथ एशियन वीमेन इन टेक कार्यक्रम के तहत दक्षिण एशिया में पांच लाख महिलाओं को एआई में दक्ष किया जाना है।

**********

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही उमसभरी गर्मी पर पिछले चौबीस घंटे से हो रही बारिश ने विराम लगा दिया है। कल से ही प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गय है और मौसम सुहावना हो गया है। गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों, अम्बेडकरनगर, पीलीभीत और प्रदेश के कई अन्य जिलों में कल शाम से आज सुबह तक बारिश होने के समाचार प्राप्त हुए हैं। इस बीच कल भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दोनों महिलायें खेत में घास काटने गई थीं।

उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिन के लिये भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम में आये बदलाव के कारणों को लेकर लखनऊ स्थित मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि–

***जैसा कि मध्य की घुमावदार हवाऐं साईक्लोजी सर्कुलेशन बना हुआ है जबकि प्रेशर का पार्ट है जिसकी वजह से आने वाले दो दिना में प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है जो कल का है पूरे सेंट्रल उत्तर प्रदेश में तराई से सटे नेपाल के जिलों में वहां भारी बारिश का अलर्ट है बाकी जो सेंट्रल पार्ट है वहां मध्यम बारिश का संभावना हैं तो ये कल और परसों दो दिन जारी रहेगा। उसके बाद फिर मामला धीरे धीरे थोड़ा कम होता चला जाएगा।***

**********